# प्रतिदर्श प्रश्न पत्र–2023–24
# संगीत वादन
# कक्षा 10

समय–3 घण्टा 15 मिनट पूर्णांक 70

**नोट** :– प्रश्न–पत्र में दो भाग हैं– प्रथम भाग तबला पखावज तथा मृदंग के विद्यार्थियों के लिए तथा द्वितीय भाग सितार, बीणा, सारंगी, सरोद, इसराज गिटार, वायलिन तथा सुरी के विद्यार्थियों के लिए परीक्षार्थियों को अपने लिए हुए विषय वाद्य में से किसी एक भाग से ही प्रश्नों के उत्तर हल करने होंगे।

निर्देश –

– प्रारम्भ के 15 मिनट प्रश्न पत्र पढ़ने के लिये निर्धारित है।

– प्रत्येक भाग खण्ड के एवं खण्ड ख में विभाजित है।

– खण्ड क में बहुविकल्पीय प्रश्न है जिनका उत्तर ओ०एम०आर० शीट पर देना है।

– प्रश्नों के अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

## (प्रथम भाग) वादन

### खण्ड क

बहुविकल्पीय प्रश्न– 20×1=20अंक

निर्देश – सही उत्तर छाँटकर लिखिए–

1– झपताल और सूलताल में समानता है।

(क) गात्रा (ख) ताली (ग) खाली (घ) वाद्य

2– ध्रुपद गायकी के साथ किस वाद्य का प्रयोग किया जाता है

(क) ढोलक (ख) तबला (ग) नाल (घ) मृदंग

3– रूपक ताल में कितनी मात्राएं होती है ?

(क) सात (ख) आठ (ग) चार (घ) पांच

4– भजन, गीत आदि के साथ कौन सी चाल बजाई जाती है

(क) चारताल (ख) सूलताल (ग) कहरवा (घ) दीपचंदी

https://www.upboardonline.com

5– सोलो (एकल) वादन में प्राय किस ताल का प्रयोग किया जाता है ?

(क) कहरवा (ख) दादरा (ग) चारताल (घ) तीनताल

6– कौन सी ताल चौदह मात्रा की है ?

(क) एकताल (ख) दादरा (ग) झपताल (घ) दीपचंदी

7– ठुमरी की गायकी के साथ कौन सी ताल बजाई जाती है ?

(क) दीपचंदी ताल (ख) तीनताल (ग) रूपक (घ) तीवरा

8– पेशकारा किस भाषा का शब्द है ?

(क) हिन्दी (ख) अंग्रेजी (ग) फारसी (घ) अरबी

9– पेशकारा किस लय में बजाया जाता है ?

(क) विलम्बित (ख) द्रुत (ग) मध्य (घ) तीव्र

10– परन बजाने के लिए किस वाद्य का प्रयोग प्राचीन काल में होता था ?

(क) पखावज (ख) गिटार (ग) सितार (घ) वायलिन

11– कहरवा तथा दादरा तालों में किसका प्रयोग होता है ?

(क) परन (ख) टुकड़ा (ग) लग्गी (घ) तिपल्ली

12– लग्गी के बोलों को उलट पलट कर बजाने को क्या कहते है ?

(क) बांट (ख) कायदा (ग) रेला (घ) टुकड़ा

13– भातखण्डे ताल लिपि पद्धति के निर्माता कौन है ?

(क) विष्णु नारायण भातखण्डे (ख) जाकिर हुसैन (ग) अमीर खुसरो (घ) तानसेन

14– भातखण्डे पद्धति में सम का चिन्ह है

(क) 0 (ख) x (ग) 3 (घ) 2

15– तालों में विभाग दिखाने के लिए किस रेखा का प्रयोग किया जाता है–

(क) खड़ी रेखा (ख) बड़ी रेखा (ग) वक्र (घ) चन्द्र

16– तबले में कितने वर्ण होते हैं ?

(क) 6 (ख) 8 (ग) 9 (घ) 10

https://www.upboardonline.com

17– दोनों हाथो से बजने वाले वर्ण कौन से हैं?

(क) धा धिं (ख) गदिगन (ग) तिं (घ) ता

18– तीनताल में किस मात्रा पर खाली होता है ?

(क) नौवीं (ख) पांचवी (ग) चौथी (घ) पहली

19– चारताल कितनी मात्रा की ताल है ?

(क) छः मात्रा (ख) सात (ग) 12 (घ) 9

20– तत् या वित की श्रेणी में कौन सा वाद्य होता है ?

(क) मंजीरा (ख) ढपली (ग) सितार (घ) ढोलक

## खण्ड ख

**अतिलघु उत्तरीय प्रश्न–** 7×2=14अंक

1– परन की परिभाषा लिखिए।

2– रेला से क्या तात्पर्य है ?

3– सम से आप क्या समझते हैं ?

4– कहरवा ताल किरा प्रकृति की ताल है ?

5– तानसेन का जन्म कहाँ हुआ था?

6– भारतरत्न पुरस्कार प्राप्त किन्ही दो कलाकारों का नाम लिखिए।

7– सुषिर वाद्य के अन्तर्गत कौन से वाद्य आते है? उनके नाम लिखिए। अथवा दीपचन्दी ताल किस अंग की गायकी के साथ प्रयुक्त की जाती है ?

**लघु उत्तरीय प्रश्न** 4×5=20अंक

8– चारताल का परिचय देते हुए, ठेका, दुगुन चौगुन लिखिए।

9– तिहाई कितने प्रकार की होती है? उदाहरण सहित लिखिए।

10– निम्न में से किन्ही दो की परिभाषा लिखिए।

(क) वर्ण (ख) टुकड़ा (ग) परन (घ) सम

https://www.upboardonline.com

11– ताल पहचान कर उसके नाम लिखिए।

(क) तेटे कत / गदिगन (ख) नक धिना

अथवा

तीनताल में एक सादा टुकडा लिपिवद्ध कीजिए।

<u>दीर्घ उत्तरीय प्रश्न</u> $2\times8=16$अंक

**(नोट) किन्ही दो प्रश्नों के उत्तर दीजिए–**

12– अपने वाद्य में बजाने वाले वर्ण एवं बोलों को निकालने की विधि लिखिए।

अथवा

तीनताल में एक कायदे के दो पल्टे और एक तिहाई लिखो।

13– किसी संगीत समारोह का आँखो देखा हाल का वर्णन अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

पं० विष्णु नारायण भातखण्डे जी के संगीतिक योगदान को विस्तार से समझाइए

संगीत वादन– द्वितीय भाग
(सितार एवं अन्य तन्त्र वाद्य के विद्यार्थियों के लिए)
कक्षा 10

## खण्ड क

**बहुविकल्पीय प्रश्न** 20×1=20अंक

1– एक सप्तक में कुल स्वरों की संख्या कितनी होती है ?

(क) 7 (ख) 12 (ग) 5 (घ) 6

2– भारत में संगीत की कितनी पद्धतियाँ प्रचलित है

(क) 1 (ख) 2 (ग) 3 (घ) 4

3– संगीत में रागों की उत्पत्ति किससे मानी गयी है ?

(क) थाट से (ख) श्रुति से (ग) स्वर से (घ) सप्तक से

4– भारखण्डे संगीत लिपि पद्धति के अनुसार सम को किससे चिह्नांकित करते है

(क) x (ख) 0 (ग) 2 (घ) s

5– विष्णु दिगम्बर संगीत लिपि पद्धति में कोमल स्वरो का चिह्न क्या है ?

(i) ग नि (ii) ग् नि् (iii) गं निं (iv) गं निं

6– किस प्रकार के वाद्यों में घसीट का प्रयोग किया जाता है

(i) तत् वाद्यों में (ii) अवनद्व वाद्यों में (iii) घन वाद्यों में (iv) सुषिर वाद्यों में

7– रागों के पहचानयुक्त छोटे से स्वर समुदाय को क्या कहते है

(i) अवरोह (ii) आरोह (iii) पकड़ (iv) नाद

8– राग विहाग किस जाति का राग है ?

(i) औडव सम्पूर्ण (ii) सम्पूर्ण सम्पूर्ण (iii) षाड़व सम्पूर्ण (iv) औडव षाडव

9– राग काफी में कौन से दो स्वर कोमल माने गए है ?

(i) ग नि् (ii) ध नि (iii) रे नि (iv) ग ध

10– राग देश किस थाट का राग है ?

(i) खमाज (ii) कल्याण (iii) भैरव (iv) मारवा

https://www.upboardonline.com

11– तीनताल में किस मात्रा पर खाली पड़ती है ?

(i) 9 पर (ii) 5 पर (iii) 13 पर (iv) 12 पर

12– एकताल और चारताल में विभागों की कितनी संख्या है ?

(i) 6 (ii) 4 (iii) 5 (iv) 2

13– कहरवा ताल में कुल कितनी मात्राएं होती है ?

(i) 5 (ii) 9 (iii) 10 (iv) 8

14– विलम्बित लय की गत को क्या कहते है ?

(i) मसीतखानी गत (ii) रजाखानी गत (iii) अमीर खानी गत (iv) द्रुतगत

15– पं0 हरि प्रसाद चौरसिया किस वाद्य के लिए प्रसिद्ध है ?

(i) बाँसुरी (ii) गिटार (iii) सितार (iv) वीणा

16– तत् बाद्य का क्या अर्थ है ?

(i) तार वाले वाद्य (ii) चमडे वाले वाद्य (iii) घन वाद्य (iv) सुषिर वाद्य

17 भारतीय संगीत में वाद्यों को कितने भागों में बाँटा गया है ?

(i) 2 (ii) 3 (iii) 4 (iv) 5

18– हिन्दुस्तानी शास्त्रीय संगीत में कुल थाटों की संख्या कितनी मानी गयी है।

(i) 10 (ii) 9 (iii) 5 (iv) 8

19– सितार वाद्य के मुख्य दो बोल कौन से है ?

(i) दा, रा (ii) दिर, दा (iii) दिर दिर (iv) ऽर दाऽ

20– राग बागेश्री में कौन कौन से स्वर कोमल होते है ?

(i) स प (ii) म नी (iii) <u>ग</u> <u>नी</u> (iv) <u>रे</u> <u>ध</u>

## <u>खण्ड ख</u>

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न 7×2=14अंक

1– विवादी स्वर की परिभाषा लिखिए।

2– सप्तक कितने प्रकार के होते है ? नाम लिखिए।

3– मुर्की से आप क्या समझते है ?

4– वर्ण किसे कहते है ?

5– मीड़ को परिभाषित कीजिए।

6– स्वर विस्तार किसे कहते हैं ?

7– पाठ्यक्रम के किसी एक राग में कोई एक अलंकार लिखिए।

अथवा

चिकारी किसे कहते है ?

**लघुउत्तरीय प्रश्न** 4×5=20अंक

8– तीनताल का संपूर्ण परिचय लिखते हुए ठाह व दुगुन लिखिए।

9– राग बिहाग अथवा भैरवी का संक्षिप्त परिचय आरोह, अवरोह, पकड़ सहित लिखिए।

10– अपने वाद्य के विभिन्न अंगो के बारे में लिखिए।

11– मसीतखानी गत अथवा रज़ाखानी गत को सोदाहरण समझाइए।

**दीर्घ उत्तरीय प्रश्न** 2×8=16अंक

**नोटः–किन्ही दो प्रश्नों का उत्तर दीजिए।**

12– अपने पाठ्यक्रम के किसी एक राग की रजाखानी गत लिखिए।

अथवा

अपने वाद्य के विभिन्न बोलों को निकालने की विधि समझाइए।

13– मानव जीवन में संगीत के प्रभाव पर प्रकाश डालिए।

अथवा

मियाँ तानसेन अथवा पं0 विष्णु दिगम्बर पलुष्कर का जीवन परिचय लिखते हुए उनके संगीतिक योगदान को लिखिए।